राज
कॉमिक्स
विशेषांक
मूल्य 40.00 संख्या 670
नागाधीश
नागराज का
एक पोस्टर
मुफ्त
नागराज
सुपर कमांडो ध्रुव

नाग-कानून से ऊपर कोई नहीं होता! न तो कोई इच्छाधारी नाग, न ही नागद्वीप सम्राट और न ही महात्मा कालदूत

नागों का कानून बताता है, नागसंहिता! और इस नागसंहिता में लिखे 'सर्प-संविधान' के अनुसार फैसला सुनाता है नाग्यालय का प्रमुख न्यायाधीश...

नागाधीश

संजय गुप्ता की पेशकश

visit us at: www.rajcomics.com
email: readers@rajcomics.com

महानगर के ताज में जड़ा गया नवीनतम हीरा है-

अंडरग्राऊंड मेट्रो-

सतह से 27 मीटर नीचे बनी 'ट्यूब-टनेल' में चलने वाली ये ट्रेन सेवा, यात्रियों से हमेशा खचाखच भरी रहती है-

लेकिन-
अरे! टक्कर नहीं हुई! हमको झटका तक नहीं लगा! शायद वह खतरनाक प्राणी, सेन वक्त पर रास्ते से हट गया होगा!
मुझे नहीं...
...रास्ते से तो तुमको हटना है! क्योंकि मुझे इस सुरंग को खत्म करने का काम सौंपा गया है!
एक स्टेशन के बाद इस सुरंग की पटरी खत्म हो जाती है!
पांच मिनट के बाद ये मेट्रो ट्रेन आखिरी स्टेशन को पार करती हुई सीधे उस मोटी दीवार से जा टकराएगी जो इस ट्रेक के अंत में, एक अवरोध के रूप में लगाई गई है!
एक भयंकर हादसा होगा और इंसान इस सुरंग में आने से भी डरेंगे! और फिर जब इस सुरंग का काम ही नहीं रहेगा तो ये सुरंग अपने आप बंद हो जाएगी!
और फिर से बन जाएगी उन सांपों का घर, जिनको इंसानों की दखलअंदाजी के कारण यहां से हटना पड़ा!
इस काम के लिए उनको मिलेगा घर और मुझको मिलेंगे पचास इच्छाधारी गुलाम सर्प!

मेट्रो के अंदर-
बाकई ये ट्रेन सुंदर और साफ सुथरी होने के साथ साथ सुविधाजनक भी है! रोड से हम आते तो इतनी जल्दी घर कभी नहीं पहुंच पाते! चलो, अब अगला स्टेशन हमारा ही है, राज उठो!
स्टेशन आने वाला है तो ट्रेन की गति कम होने के बजाय और तेज क्यों हो रही है?
अरे! स्टेशन तो निकल गया!
और ट्रेन धीमी होकर रुकने के बजाय और तेज गति पकड़ रही है!
कुछ गड़बड़ लगती है, भारती!
मुझे चेक करना पड़ेगा!
ऐ! संभल के भई!
अरे! ड्राइवर और उसका सहायक तो बेहोश पड़े हुए हैं!
और ट्रेन के कंट्रोल टूटे हुए हैं!
इस ट्रेन को मुझे खुद रोकना होगा!

बाहर आकर!

अरे! नागराज! ये इतनी जल्दी यहाँ पर कैसे पहुंच गया? मैंने जो कहावत सुनी है, शायद वह सच है कि नागराज एक साथ बारह जगहों पर मौजूद हो सकता है!

लेकिन कुछ भी हो, इस भारी भरकम ट्रेन को नागराज की शक्ति भी रोक नहीं सकती!

अगर नागराज बीच में आया तो ये भी मरेगा!

इसीलिए मुझे नागराज की सांसें रोकनी होंगी!
नागराज!
मुझसे मार खाने के लिए यहां पर रुके क्यों रहे?
आरपार काम पूरा होने के बाद ही पार होता है!
ओह! मैं समझ गया कि ये काम तुम्हारा ही है!
लेकिन मैं ये नहीं समझा कि तुम यहां से आगे क्यों नहीं?
ताकि तुम्हारे जैसे 'मानवों के रक्षक' उस काम में टांग न अड़ा सकें!
आखिर ऐसा काम तुम करना क्यों चाहते हो? सैकड़ों मानवों की जान लेकर तुमको क्या मिलेगा?
मुझे तो बस पचास गुलाम सर्प मिलेंगे! लेकिन हजारों सर्पों को उनका घर वापस मिल जाएगा!
ये सुरंग!
और ये काम तुम सैकड़ों मानवों की जान लेकर पूरा करना चाहते हो! ऐसा नहीं होगा!

ऐसा ही होगा नागराज! क्योंकि तुम मुझसे उलझे रहोगे और ये ट्रेन अवरोध से टकरा जाएगी!
आऽऽऽ ह! ये सही कह रहा है! ये अपने शरीर के किसी भी अंग को ठोस बना सकता है, और किसी भी अंग को हवा की तरह पारदर्शी!
तुम्हारे वार मुझ पर बेकार हैं, नागराज! अब ट्रेन को बचाने के बजाय अपनी जान बचाने का तरीका सोचो!
फिलहाल तो मैं ट्रेन को रोकने का रास्ता सोचूंगा!
बिजली के इस टूटे तार की मदद से!
कड़ड़ड़ड़
बिजली का मोटा तार मेट्रो के पहियों में उलझता गया-
और झटके खाती हुई मेट्रो-
रुकने लगी-
आऽऽह! ये नहीं हो सकता! मेट्रो रुक नहीं सकती!
अब मेट्रो नहीं चलेगी, आरपार!
क्योंकि इसको चलाने के लिए पॉवर चाहिए, जो कहीं मौजूद नहीं है!
है! मैं दूंगा इसको पॉवर!
मैं चलाऊंगा इस ट्रेन को अपनी शक्ति से!
ओह! ये कंट्रोल पेनल में घुस रहा है!

और मेट्रो फिर से गति पकड़ रही है!
अवरोध अब ज्यादा दूर नहीं है!
जो करना है जल्दी ही करना होगा!
अब एक ही उपाय है! बस मैं उम्मीद करता हूं कि मेरी सर्प-रस्सियों में उस काम को पूरा करने की शक्ति हो!
गुंथी हुई सर्परस्सी के गुच्छे हवा में ऊपर रेंग गए-
अब मुझे ट्रेन की गति को फिर से कम करना है!
इस ट्रेन को आरपार अपनी शक्ति से चला रहा है!
यानी अब इस इंजन पर वार करने का मतलब आरपार पर वार करना है!
आऽऽऽह!
धड़
अ
क
मेरा ख्याल सही था! तुम एक ही वार में बेदम हो गए हो, आरपार!
लेकिन ट्रेन अब अवरोध से टकराने ही वाली है!
आखिरी जीत मेरी ही होगी, नागराज!

ट्रेन रुकेगी, आरपार! सामने देख!
ओह! तुम्हारी सर्प रस्सियों ने पटरियों को ट्रैक से उठाकर चढ़ाई बना दी है!
हां! और ट्रेन में अब इतनी गति नहीं है कि ये इस चढ़ाई को चढ़ सके!
आऽऽऽ, नागराज!
तुम अगर वक्त पर न आते तो हम सब कभी नहीं बचते!
आपको सवालों के जवाब बाद में मिल जाएंगे! एक दूसरी ट्रेन आपको यहां से ले जाएगी!
मुझे फिलहाल इस अपराधी को लेकर कहीं पर पहुंचना है!
अरे, ये नागराज है, फिल्मी पुलिस नहीं है!
पर तुमको इस मुसीबत की खबर कैसे मिली?
ये कौन है? इसकी शकल तो दिखाओ!

नागद्वीप पर-
ये लीजिए महात्मा कालदूत! एक और नाग अपराधी! हालांकि इसने जो अपराध किया है वह किसी और के इशारे पर किया है!
अब इसमे उस शख्स का नाम पता करना और इसको समुचित दंड देना आपका काम है!
ये काम मेरा नहीं, नाग न्यायालय का है! इसको सजा सिर्फ मुख्य नाग-न्यायाधीश ही सुना सकते हैं!
नाग न्यायालय! नागाधीश! मैंने इनके बारे में तो पहले कभी नहीं सुना!
वह शायद इसलिए क्योंकि तुम अधिकतर वक्त मानवों के बीच में बिताते हो! हर अपराधी नाग पर नागयालय में मुकदमा चलता है, और उसको सजा नाग संहिता के अनुसार ही दी जाती है!
नाग संहिता ही हमारा कानून है! उससे ऊपर कोई भी नहीं है! न नागद्वीप का सम्राट और न ही मैं स्वयं!
आश्चर्य है! मैं नागाधीश से मिलना चाहूंगा!

जरूर, नागराज! मैं उनसे मिलने का समय लेकर तुमको सूचित कर दूंगा!
वैसे विषांक कैसा है? पढ़ाई में अच्छे नंबर लाता है या नहीं?
विषांक तो बहुत तेज़ी से तरक्की कर रहा है! जब मैं नागाधीश से मिलने आऊंगा तो उसको भी लेता आऊंगा!
और किसी गुप्त स्थान पर-
ओफ़! नागराज ने फिर एक बार मुझे मात दे दी! नागों की नज़र में सम्मान पाने का एक और मौका मेरे हाथ से निकल गया!
मैंने तुमसे पहले ही कहा था, नागराज के रहते तुम कभी सफल नहीं हो सकती!
नागराज के पास जो शक्तियां हैं, उनसे पार पाना हम जैसे लोगों के बस की बात नहीं है!
काश, नागराज की शक्तियां मेरे पास होतीं! देव कालजयी के विष की फुंकार, शरीर में इच्छाधारी सांपों को रखने की शक्ति, अपने ही शरीर से सर्प पैदा कर सकने की शक्ति! अगर ये शक्तियां मेरे पास होती तो मैं पूरी दुनिया पर राज कर रही होती!
लेकिन ये शक्तियां न तो तुम्हारे पास हैं और न ही तुमको मिल सकती हैं!

अब ऐसा तो हो नहीं सकता कि नागराज ये शक्तियां तुमको खैरात में दे दे!
या फिर कोई नागराज से ये शक्तियां छीनकर तुम्हारे हवाले कर दे!
हुम्म! सुझाव तो अच्छा है! ऐसा हो सकता है!
लेकिन इसके लिए मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत है!
अगर तुमको नागराज से शक्तियां लेने के लिए मेरी मदद चाहिए तो जान हाजिर है!
क्योंकि फिर नागराज की जान मेरे लिए हाजिर होगी! खत्म कर दूंगी मैं नागराज को!
ठीक है! तो फिर ये तय रहा कि मैं नागराज की शक्तियां लूंगी...
...और तुम नागराज की जान!
पक्का! पर एक बात का ध्यान रखना!
किसी को भी इस बात की खबर न होने पाए! वर्ना तुम्हारी शक्तियां और मेरी जान नागराज के पास होगी!
"किसी को इसकी कानोंकान खबर नहीं होगी! अब तुम सुनो कि तुमको क्या करना पड़ेगा-"
अक्षरधाम मंदिर से अष्टधातु की दो-दो सौ किलो की पांच बेशकीमती मूर्तियों की चोरी हो गई है! इन मूर्तियों की कीमत करोड़ों डॉलर में आंकी जा रही है!
पुलिस इस बात से आश्चर्यचकित है कि हाई सिक्योरिटी वाले मंदिर में चोर ये काम कैसे कर गए? आपकी जानकारी के लिए बता दें...

मूर्तियां बचाने वाले क्या पॉपकॉर्न खा रहे थे ? शेम, शेम !

तू मुझे ताना मार रही है ?

चोर की दाढ़ी में तिनका ! इस वक्त दुनिया में लाखों लोग पॉपकॉर्न खा रहे होंगे !

पर यहां तो पॉपकॉर्न मैं ही खा रहा हूं ! और कोई तो यहां है नहीं !

तेरी 'सहेली' चंडिका भी पॉपकॉर्न खा रही थी क्या ?

ऐ देखो, चंडिका का नाम मत लेना ! उसके पास और भी बहुत काम हैं !

ओ. के. ! ओ. के. !

वैसे मुझे सपने तो आ नहीं रहे थे कि अक्षरधाम में चोरी होने वाली है ! अगर मुझे जरा सी भी खबर होती तो मैं जरूर जाता !

हां, आलसी लोग खबर का इंतजार करते रहते हैं ! वैसे किसी चिड़िया या किसी कुत्ते ने खबर क्यों नहीं दी ? तुम्हारी संगत में रहकर जानवर भी आलसी हो गए हैं !

वैसे ये तो सोचने वाला प्वाइंट है ! मेरे किसी साथी ने मुझ तक खबर क्यों नहीं पहुंचाई ?

इस चोरी के बारे में थोड़ी और डिटेल से जानकारी हासिल करनी होगी !

पुलिस हेडक्वार्टर में-

ऐसा नहीं है कि हमारी सिक्योरिटी सो रही थी ध्रुव ! उन्होंने चोरों को देखा, उनको चेतावनी दी, लेकिन फिर चोर कहां से निकल भागे ये पता नहीं चल पाया !

वैसे एक बात तुमको और बता दूं जो हमने अब तक प्रेस वालों को भी नहीं बताई है ! ताकि हमारी इज्जत बची रहे !

इस हैडक्वार्टर में भी कल चोरी का प्रयास किया गया था !

व्हाट! इतनी हिम्मत! कौन था वह चोर? क्या लेने आया था?
कल हमने तस्करी के कुछ हीरे पकड़े थे! उसका निशाना वे हीरे ही थे!
पर वह चोर सैकड़ों पुलिस वालों की नजर बचाकर अंदर घुसा कैसे? मैं उससे मिलना चाहता हूं पापा!
मिलना तो मैं भी चाहता हूं! यह पूछने के लिए कि पुलिस हैडक्वार्टर में अंदर कैसे घुसा? और किस रास्ते से निकल भागा!
निकल भागा? यानी... आप चोर को पकड़ नहीं पाए!
नहीं!
पर वह हीरे भी नहीं ले जा पाया!
ओ गॉड! अगर श्वेता को ये बात पता चल गई तो...
नहीं, नहीं! उसको मत बताना! वर्ना वह बोल-बोलकर मेरा जीना हराम कर देगी!
उस तक ये बात न पहुंचे इसी डर से तो मैंने ये बात प्रेस वालों को भी नहीं बताई!
अब उस चोर का, और अक्षरधाम वाले चोरों का पता कैसे चलेगा, पापा?
दोनों ही जगहों पर लगे सिक्योरिटी कैमरों ने चोरों की तस्वीरें खींची हैं!
ये देखो! कल तक ये फोटो पूरे देश के हर पुलिस स्टेशन में लगी होंगी! वे चोर हमको चुनौती देकर बच नहीं सकते!
ये फोटो मैं रख लेता हूं पापा! आप एक और प्रिंट निकलवा लीजिएगा!
अब तो मुझे भी ये जानने की उत्सुकता बढ़ गई है कि आखिर ये चोर हैं कौन जो हवा से आते हैं और हवा में ही गायब हो जाते हैं!
वे कम खतरे वाली जगहों पर भी आराम से करोड़ों की चोरी कर सकते थे। पर उन्होंने वे जगहें ही क्यों चुनीं, जहां पर पहले से सख्त सिक्योरिटी मौजूद है!

और उससे भी बड़ी बात ये है कि चोरों को मेरे मित्र पशु या पक्षी क्यों नहीं देख पाए?
अगर वे देखते तो मुझ तक खबर जरूर पहुंचाते!
अभी तो उनको इन चोरों के चित्र दिखाकर उनको इन चोरों को ढूंढने के काम पर लगाता हूं!
ताकि.... ओफ्!
एकाएक ये चमगादड़ कहां से आ गए?
और ये मुझ पर हमला क्यों कर रहे हैं?
ओफ्! बाल-बाल बचा!
अब ये चमगादड़ शांत हो गए हैं! शायद ये समझ गए हैं कि मैं इनका दुश्मन नहीं हूं!
यानी अब मैं आराम से जा...
ओह!
ये तो फिर से मुझ पर हमला करने लगे!

राजनगर स्थित फ्रेंच हाई कमीशन के अंदर मौजूद यह बेमिसाल आर्ट गैलरी-

इस गैलरी में इस वक्त दुनिया की सबसे मशहूर पेंटिंग 'मोनालिसा' प्रदर्शन के लिए लाई गई है-

और प्रदर्शनी के आयोजक इस पेंटिंग की सिक्योरिटी को लेकर एकदम आश्वस्त हैं-

क्योंकि एक तो एंबेसी की कड़ी थ्रीटियर सुरक्षा और उस पर पेंटिंग के लिए सिक्योरिटी में लगे कमांडो गार्ड्स-

यहां पर परिन्दा तो क्या, मक्खी तक पर नहीं मार सकती-

सब ठीक है न जवान? यहां पर कोई गड़बड़ तो नहीं हुई है?
नहीं सर! सब दुरुस्त है!
सब दुरुस्त नहीं है! ये गंदे जूतों के निशान कैसे हैं? कौन गंदे जूते पहनकर यहां आया था!
इधर से तो किसी का भी आना-जाना सख्त मना है!
ओ माई गॉड!
सि... सि... सिक्योरिटी स्लार्म बजाइस सर!
क्यों? सफाई वालों को बुलाने के लिए!
नहीं सर! ये जूतों के निशान सिक्योरिटी वालों के नहीं हैं!
व्हाट! यानी... यहां पर कोई आया था! कौन आया था? तू तो कह रहा था कि कोई नहीं आया!
मैं भगवान की कसम खाकर कहता हूं सर कि ये निशान दो मिनट पहले यहां पर नहीं थे! और पिछले सात घंटों में यहां से न तो कोई आया और न ही गया!
पर मैं तो सस्पेंडेड हूं, सर!
जाओ!
तो क्या यहां पर कोई भूत आया था!
यू आर सस्पेंडेड!
जाओ अलार्म ऑन करो!
अलार्म की आवाज पूरी एंबेसी में गूंज उठी-
आप सब बाहर जाएं! तुरंत! स्टील डोर बंद होने वाले हैं!
देखते ही देखते आर्ट-गैलरी दर्शकों से खाली हो गई-

चलो, आर्ट गैलरी खाली हो गई और स्टील डोर भी बंद हो गए! अब 'मोनालिसा' पर कोई खतरा नहीं है!

लेकिन तुम पर है!

तुम कौन हो? अचानक कहां से प्रकट हो गए?

और तुम बाहर क्यों नहीं गए!

जाऊंगा!

पर मोनालिसा को ले जाने के बाद!

और-

मोनालिसा यहां पर नहीं है!

बाहर जाने और अंदर आने के सारे रास्ते बंद कर दो! किसी भी अजनबी को देखते ही गोली मार दो!

फ्रेंच सरकार की प्रतिष्ठा दांव पर है!

पेंटिंग को हाथ लगाते ही पेंटिंग अदृश्य होने लगी-

सच में? ही ही ही!

ये मुझे कहां ले आए हैं! सामने तो फ्रेंच एंबेसी है! लेकिन, लेकिन...
... कुछ गड़बड़ है! लोग भागते हुए बाहर आ रहे हैं! सिक्योरिटी वाले अपनी- अपनी पोजीशन ले रहे हैं! और एलार्म की आवाज यहां तक सुनाई पड़ रही है!
मैं समझ गया दोस्तो! तुम जानते हो कि यहां पर ऐसी कोई मुसीबत है जिसको मैं ही संभाल सकता हूं!
लेकिन मुझे शक है कि एंबेसी की सुरक्षा एजेंसीज अपने काम में मुझे टांग अड़ाने देंगी!
मुझको चुपचाप अंदर जाना होगा, और चुपचाप ही गड़बड़ी फैलाने वाले को ढूंढना होगा!
और इस काम में मुझे तुम्हारी मदद की जरूरत पड़ेगी!
रेडी?
च्वीं च्वींईई

अरे! एकाएक चमगादड़ों का यह झुंड कहां से आ गया? यह तो बादलों की तरह हमारे ऊपर मंडरा रहा है!
हमारी ड्यूटी चमगादड़ों पर नजर रखने की नहीं है! आदमियों को ढूंढ वर्ना हमें भी चमगादड़ की तरह उल्टा लटका देंगे!
चमगादड़ों का बादल! हुंह!
यह 'बादल' बेवजह ही नहीं आया था-
यह 'बादल' एक आड़ थी-
थैंक्यू दोस्तों! अब सिक्योरिटी वाले मुझको स्टारलाइन पर चलकर एंबेसी तक पहुंचते हुए देख नहीं पाएंगे!
कुछ ही पलों बाद ध्रुव एंबेसी के अंदर था-
अब बताओ कि मुझको जाना किधर है?
उस तरफ! ओ. के.!
अरे! यह चमगादड़ एकाएक जल कैसे उठा?
समझा! यहां पर अदृश्य 'लेजर ग्रिड' है!
लेकिन अदृश्य ग्रिड को देखने का तरीका मुझे आता है!
मुझे सिग्नल फ्लेयर की मदद लेनी होगी!
धुंए की पर्तों को जलाती हुई लेजर ग्रिड की लकीरें अब साफ नजर आ रही थीं-

तुम लोग 'लेजर-ग्रिड' को देख नहीं पाओगे! इसी-लिए तुम लोग मुझे देखना! मेरे पीछे-पीछे आना!
और उतनी ही आसानी से ध्रुव, अद्भुत कलाबाजी का प्रदर्शन करते हुए उस खतरनाक लेजर ग्रिड को पार कर रहा था-
चमगादड़ों की सुनने की शक्ति कमजोर जरूर थी! लेकिन वे ध्रुव की हर एक बात को आसानी से समझ रहे थे-
धुंए के कारण 'फायर सिस्टम' भी एक्टीवेट हो गया था-
टनटनननननननन
लेकिन ध्रुव द्वारा छोड़े गए धुंए ने एक गड़बड़ भी कर दी थी-
ओफ! पानी से फर्श एकदम चिकना हो गया है! ये फायर-डिफेंस सिस्टम किसने एक्टीवेट कर दिया है!
जीन सामने देखो!
शायद किसी ने ये सिस्टम सोच-समझकर ऑन किया है!

पानी की फुहारों के बीच में एक अदृश्य आकृति साफ नजर आ रही है! और उसके हाथों में पेंटिंग जैसी चीज भी है!
फायर!
नहीं!
गोलियों से बेशकीमती मोनालिसा को नुकसान पहुंच सकता है! इसको पकड़ना होगा!
मैं जानता था कि मोनालिसा से अच्छा सुरक्षा कवच मुझे मिल ही नहीं सकता है!
हेलो, कंट्रोलरूम! हमने चोर को देख लिया है! वह किसी उपकरण का प्रयोग करके अदृश्य हो गया है! तुरंत थर्मल स्कैनर को भी ऑन कीजिए!
गुड आइडिया कैप्टेन!
थर्मल लेजर में हमको चोर का शरीर साफ दिखेगा!
क्योंकि थर्मल-लेजर, शरीर की गर्मी से चोर को देखेगा।
लेकिन अगर चोर निकल भागा तो ये कैसे पता चलेगा कि कौन सा हमारा ऑफीसर है और कौन चोर?
हमारे हर ऑफीसर की यूनीफार्म 'थर्मल स्कैनर' पर नीले रंग की नजर आती है! जबकि चोर लाल रंग में नजर आएगा!
देखो, दिख रहा है न?
THERMAL IMAGE
लेकिन वो तो हमारे ऑफिसर्स को पीटकर भाग रहा है!
थर्मल लेजर से बचकर ये कहां जाएगा?
शायद अपने साथी के पास!
साथी के पास?
यस! ये देखो! इस स्क्रीन पर एक दूसरी लाल आकृति नजर आ रही है!

ये आकृति ध्रुव की थी-
और अब सुरक्षा गार्ड्स उसकी तरफ भी बढ़ रहे थे-
ओफ! तुम मुझे इधर क्यों ले जाना चाहते हो?
इधर तो...
यस कंट्रोल रूम! समझ गए! चोर का साथी कॉरीडोर नंबर सात में है! अब वह नहीं बचेगा!

गॉर्ड्स इधर ही आ रहे हैं! और इनको मेरी पोज़ीशन का पता है। पर कैसे? मैं तो सिक्योरिटी कैमरों की नजर बचाता हुआ यहां तक आया हूं!

वह इस दरवाजे के पीछे है! दरवाजे से चिपका हुआ!
शूट टू किल!
गोलियों ने दरवाजे को छलनी बना दिया-

और खून की धार दरवाजे की दरार से बह निकली-
ही इज़ डेड! तोड़ दो दरवाजा! जरा चोर के साथी की शक्ल तो देखें!

पहले दरवाजा टूटा-

और फिर गॉर्ड्स के जबड़े-
ये तो जिन्दा है! सही सलामत!
फिर वह खून किसका था!

मुझे बचाने के लिए एक और चमगादड़ ने अपनी जान दे दी!

पर ये सिक्योरिटी वाले मुझे दरवाजे के पार भी कैसे देख रहे थे!
ओह! थर्मल इमेजर। यानी पूरी इमारत की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है!
थर्मल स्कैनिंग शरीर की गर्मी के माध्यम से किसी को भी ढूंढती है! अब शरीर की गर्मी को मैं कैसे छुपाऊं?
ये मुझे 'थर्मल स्कैनर' से देख रहे हैं! लेकिन मेरे पास इसका इलाज भी है!
मुझे 'थर्मल रेजिस्टेंट लेयर' ऑन करनी होगी, और वह लेयर थर्मल किरणों को सोखकर मुझे 'थर्मल स्कैनर' से छुपा लेगी!
चोर ने हाई टेक्नीक का सहारा लिया था और ध्रुव ने दिमाग का–
अब मुझे गुप्त और तेज रास्ते से चोर तक पहुंचना होगा! जल्दी! ये ठंडा पानी मुझे ज्यादा देर तक थर्मल स्कैनर से नहीं बचा पाएगा!
अरे! चोर की इमेज थर्मल स्कैनर से गायब हो रही है!
और इसके साथी की भी! पर कैसे?
उहू sssss
बड़ा ठंडा पानी है! लेकिन ये मेरे बदन का तापमान कम करके मुझे थर्मल स्कैनर से छुपा लेगा!
और चोर तक पहुंचने का सबसे तेज रास्ता है...
...ये एयर कंडीशनिंग डक्ट!

ये डक्ट इस इमारत के हर कोने में फैले हुए हैं। ये मुझको मेरी मंजिल तक पहुंचा भी देंगे और मुझको ठंडा रखकर मुझे थर्मल स्कैनर से भी बचाए रखेंगे!
आह।! बस दस कदम और, और मेरा काम पूरा हो जाएगा! मैं यानी... चोर चकल्लम मोनालिसा को चुराने वाला चोर बन जाऊंगा!
ऐ ऐ भई! टकराना मत! वर्ना मेरा भेद खुल जाएगा!
ये रास्ता अभी काफी भरा हुआ है! इसके खाली होने तक मैं ज़रा आराम कर लेता हूं!
इस ब्रूम- क्लोजेट में! जहां पर झाड़ू-पोंछे रखे जाते हैं! किसी को सपने में भी मुझे यहां ढूंढने का ख्याल नहीं आ सकता!...
...हे ऽऽऽ
ये चमगादड़ कहां से आ गए?
और... और ये मुझे देख भी सकते हैं!
क्योंकि ये अल्ट्रासोनिक साउंड की मदद से देखते हैं!
मैं इनसे छुप नहीं सकता!

और न ही तुम मुझसे छुप सकते हो! क्योंकि मैं जानता हूं कि जहां पर ये चमगादड़ होंगे वहीं पर तुम भी होगे!
आऽऽऽह! तू है कौन? जिसको फ्रेंच एम्बेसी की सुरक्षा एजेंसीज मिलकर भी नहीं ढूंढ पाईं, उसे तू रोकेगा?
तुझे तो मैं एक सेकंड में खत्म कर दूंगा! वर्ना इतनी आवाजें सुनकर सिक्योरिटी गॉर्ड्स भी यहां आ धमकेंगे!
ईयाऽऽऽऽ

आऽऽऽह्!
जोर का झटका लगे जोर से! अब पंगा मत लेना चकल्लम चोर से!
हाथ भी लगाया तो इस बार राख में बदल जाओगे!
ऐसा है तो मैं तुझे हाथ नहीं लगाऊंगा!
लकड़ी पर तेरा करेंट काम नहीं करेगा चकल्लम चोर!
आऽऽऽह!
रुक जा! वहीं रुक जा! वर्ना मैं इस बेशकीमती पेंटिंग के चिथड़े कर दूंगा!
अगर ये मेरे हाथ नहीं लग सकती तो किसी के भी पास नहीं रहेगी!
अरे वाह! ये धमकी एक बार फिर काम आ गई!
इस बार मैं तुझे नहीं छोड़ूंगा!
और तू मुझ पर वार नहीं कर पाएगा क्योंकि मुझे ढूंढ सकने वाले चमगादड़ भी एक-एक करके बेहोश हो चुके हैं!

अब मैं तुझे...
अरे! कहां गया?
मैं यहां हूं, चकल्लस!
अरे! अरे! आवाज़ सामने से आ रही है! पर तू दिख क्यों नहीं रहा है?
क्यों? गायब होने का लाइसेंस क्या सिर्फ तेरे पास है?
लेकिन उसने तो कहा था कि ऐसा सिर्फ एक ही 'कॉस्ट्यूम' है! और वह कॉस्ट्यूम उसने खुद बनाया है!
मुझे गायब होने के लिए कॉस्ट्यूम की जरूरत नहीं है!
आऊSSS
भूत है! ये भूत है! ये तो बिना कॉस्ट्यूम के गायब हो सकता है!
और मुझे गायब... मतलब अदृश्य रूप में भी देख सकता है!
देखूंगा कैसे नहीं! गीले फर्श पर तेरे जूतों के निशान जो दिख रहे हैं!
अब मेरा स्टैंड पर चिपकाया गया माइक्रोफोन फिर से काम आएगा!
अब जिन्दा रहना चाहते हो तो...
पीछे भी नहीं है!
मैं यहां हूं, चकल्लस!

...मोनालिसा को नीचे रख दो!

र...रख दिया! रख दिया!

लेकिन चकल्लम ने अपना मौका ताड़ लिया था-

चक्कलम के हाथों से अलग होते ही मोनालिसा फिर से साफ नजर आने लगी-

यही मौका है। अब मैं इस भूत से बचकर भागूं! ये तस्वीर संभालने के चक्कर में यहां रुक जाएगा!

और मेरे पीछे नहीं आ पाएगा! खैर कुछ भी हो...

मेरा काम तो हो ही गया है!

ओए! कौन है!

'ब्रूम-क्लोजेट' का दरवाजा खुला है!

कोई इसी से बाहर आया है!

चलो! अंदर चलकर देखते हैं!

अरे! मोनालिसा तो यहां पड़ी है!

ये यहां पर कैसे आ गई?

लेकिन लगता है कि चकल्लम हाथों से निकल गया है!

एक और हाई-फाई चोरी का प्रयास और चोर किसी को नजर नहीं आया!

कैसे भी आई हो! थैंक गॉड कि पेंटिंग हमको वापस मिल गई!

आखिर ये हो क्या रहा है?

रहस्यमय चोरियों का कारण यह था-

चोर नंबर वन को ढूंढने की एक प्रतियोगिता-

एक दिन बाद-

टेन मिलियन डॉलर का यह कांट्रेक्ट मुझे ही मिलना चाहिए मैडम! मैं अक्षरधाम से मूर्तियां भी ले आया और किसी ने मुझे देखा तक नहीं!

इसका काम तो आसान था मैडम! मेरे जैसा पुलिस हैड क्वार्टर में घुसने का काम करता तो इसको पता चलता! अक्षरधाम में बीस पुलिस वाले थे तो पुलिस हैडक्वार्टर में पांच सौ! सही है कि मैं हीरे नहीं ला पाया पर मैं उन तक पहुंच तो गया था!

कांट्रेक्ट का असली हकदार चकल्लम है मैडम! आपने मुझसे पेंटिंग चुराने को क था लाने को नहीं कहा था! पेंटिं तो मैंने सफलता से चुरा ली थी! अगर आप उसे लाने को कहती तो मैं उसे भी ले आता!

अक्षरधाम और पुलिस हैडक्वार्टर के सिक्योरिटी कैमरों ने तुम दोनों की फोटो खींच रखी है! वांटेड अपराधी बन चुके हो तुम दोनों शातिर चोर!

शटअप! शटअप! शटअप!

और तू चकल्लम बड़ी-बड़ी डींगें हांक रहा है! जैसे कि मुझे पत ही नहीं है कि तू ध्रुव से पिट कर आ है! अरे तेरी ड्रेस में मैंने कैमरा भी पि कर रखा है!

मैं हार गई! हार गई! सौ चोरों का टेस्ट लेने के बाद मैंने उनमें से इन तीनों को छांटा था! लेकिन ये तीनों भी बेकार और निकम्मे निकले!
अब मैं क्या करूं? कहां से लाऊं वह महाचोर जो मेरा काम कर दे!
क्रैकर को याद किया होता तो...
...ये फिजूल की कवायद नहीं करनी पड़ती, मिस किल्वर!
कौन हो तुम?
कहा न क्रैकर! ग्रेटेस्ट थीफ ऑफ द वर्ल्ड!
कुछ दोस्तों से पता चला कि तुम दुनिया का नंबर वन चोर ढूंढ रही हो! बस मैं तुमको दर्शन देने के लिए ब्राजील से दौड़ा चला आया!
लेकिन तुम अंदर कैसे आ गए? इस हवेली के बाहर तो...
बाहर पंद्रह गार्ड तैनात हैं! चार मेनडोर पर हैं! ग्यारह कॉरीडोर में हैं! पहली मंजिल पर सात गार्ड तैनात हैं! पूरी हवेली में सत्ताइस खुफिया कैमरे लगे हैं!
यहां से भागने के लिए चार खुफिया रास्ते हैं और...
बस, बस, बस! पूरी पोल मत खोलो! हम तुमसे बहुत प्रभावित हुए!

इतने गॉर्ड, कैमरों और सिक्योरिटी सिस्टमों को चकमा देकर मेरे इस हॉल तक पहुंचना मामूली काम नहीं है! लेकिन तुम यह कैसे साबित करोगे कि तुम चोरों के चोर हो! बेस्ट चोर!
तुम्हारी लैब से वे सारे गैजेट चोरी करके जो तुमने उन तीन छोटे-मोटे चोरों को दिए थे! और जिनके दम पर चोरी करके वे अपनी काबलियत का दम भर रहे थे!
हा हा हा हा हा!
हंस क्यों रही हो मैडम मिस किलर?
इस हवेली में घुसकर यहां तक पहुंचना एक मुश्किल काम जरूर है मिस्टर क्रैकर!
लेकिन मेरी लैब में घुसकर चोरी कर पाना असंभव काम है!
मेरी लैब तक जाने वाले एकमात्र कॉरीडोर में इलेक्ट्रिक शॉकर फिट है! लेजर ग्रिड फिट है! कारीडोर को हिलाने वाला क्वेकर लगा है! लैब के दरवाजे में बारह सौ वोल्ट का करेंट दौड़ता है! उसमें तीन अलग-अलग सिक्योरिटी अलार्म लगे हैं! पच्चीस लीवर वाले चार इलेक्ट्रानिक लॉक लगे हुए हैं! दरवाजों के ठीक अंदर लेजर गाइडेड मशीनगन लगी हैं! वो भी चार-चार!
और मेरे सारे गैजेट मेरी वेसल एंड वेसल की सेफ में रखे रहते हैं! उस सेफ के दरवाजे को न कोई काट सकता है न गला सकता है और उसके लॉक सिस्टम को मेरे अलावा कोई खोल नहीं सकता! खुद वेसल एंड वेसल वाले भी नहीं! और ऐसी सेफ के अंदर रखे हैं...

आपके ये सारे गैजेट! यही है न?
व्हाट? ये तो... पर कैसे? एमेजिंग! आई कांट बिलीव! तुम तो...
यस! तुम सचमुच नंबर वन चोर हो मिस्टर क्रैकर! मिस किलर तुमको देती है दस मिलियन डॉलर का कांट्रेक्ट!
इतने पैसे? वाऊ! लेकिन मुझे इतने पैसों के लिए करना क्या होगा?
समय आने पर वह भी पता चल जाएगा!
तो जब समय आएगा मुझे मोबाइल मार लेना! तब तक क्रैकर खाली नहीं बैठ सकता! इंडिया आया हूं तो एक दो फटाफट चोरियां भी कर लेता हूं! नया एक्सपीरियंस होगा!
और आखिरी भी! इंडिया आए हो तो टूरिस्ट बनकर घूम फिर लो! इंडिया की निगरानी नागराज, ध्रुव और डोगा जैसे ब्रह्मांड रक्षक सुपर हीरोज करते हैं! मेरे काम करने से पहले इंडियन जेल की सैर पर मत चले जाना!
ओ.के.! ओ.के.! थैंक्स फॉर एडवाइज! क्रैकर टूरिस्ट बनकर ही इंडिया में घूम लेगा!
इस महाषड्यंत्र का एक भाग तो सफलतापूर्वक पूरा हो गया था-

अब दूसरे भाग की शुरूआत होनी थी-

अ, मैडम! आप बता सकती हैं कि मिस्टर नागराज कहां पर मिलेंगे?

पूड़ा नाम बताएगा धिकड़ा? नागड़ाज सिंह है, नागड़ाज शड़मा है! अच्छा छोड़! पता बता दे!

जी, मैं सुपर हीरो नागराज की बात कर रहा हूं! वो जो कलाइयों से सांप छोड़ते हैं न, वही!

ओ, अपना वाला नागड़ाज धिकड़ा! उसका एड्रेज तो कोई है ही नहीं! होएगा तो अपुन जानता नहीं!

Battering Ball : मकानों को तोड़ने वाला लोहे का गोला

अरे! कंदु सर्प टिप्पा खाकर अपने अगले निशाने के लिए उछला क्यों नहीं?
विध्वंस फैलाता रह कंदु सर्प! वर्ना...
... नागराज कैसे आएगा?
आ गया! यही है नागराज!
थैंक्यू नागराज! तुमने हमें बचा लिया!
वर्ना मम्मी हमें बहुत डांटतीं!
तुमको तो मैंने बचा लिया! लेकिन इस मुसीबत को मेरे हाथों से कोई नहीं बचा पाएगा!

नागराज की अद्भुत नाग शक्ति के सामने कंदु सर्प की कुंडलियां गोल नहीं रह सकीं-
कंदु सर्प को नागराज ने कच्चे धागे की तरह खोल डाला-
और-
अब ये गांठ तेरे शरीर में तब तक लगी रहेगी, जब तक तू ये नहीं बताता...
...कि तू है कौन और ये तोड़फोड़ क्यों कर रहा था!
ये जो कुछ भी कर रहा था...
...मेरे कहने पर कर रहा था!
और ऐसा करने का मेरा एकमात्र कारण तुमको बुलाना था!
तुम कौन हो? क्या चाहते हो मुझसे?
तुमको अपने साथ ले जाना चाहता हूं! मैं सम्मन लेकर आया हूं!
तुमको नागाधीश के समक्ष प्रस्तुत होना है!
नागाधीश के समक्ष! शायद उनको आरपार सर्प का फैसला करने के लिए मेरी गवाही की आवश्यकता है!
परंतु सम्मन भेजने का यह तरीका गलत है!
फिर भी मैं तैयार हूं! इस विध्वंस का कारण मैं नागाधीश से स्वयं ही पूछ लूंगा!
ठीक है नागराज! मुझे उम्मीद नहीं थी कि तुम इतनी आसानी से मान जाओगे!
लेकिन कानून के अनुसार मैं बंदी बनाने से पहले तुमको बता दूं कि...
बंदी! तुम मुझे बंदी बनाने आए हो?
हां, नागराज! तुम पर नाग शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप है!

अपने ऊपर लगे आरोपों को मान लो और नागशक्तियों का त्याग करके मेरे साथ बंदी बनकर नागाधीश के समक्ष चलो!
मैं समझ गया! ये कोई षड्यंत्र है! और तुम मुझे नागाधीश का नाम लेकर बहका रहे हो, ताकि मैं बंदी बन जाऊं और मेरे दुश्मन मुझे आसानी से खत्म कर सकें! ऐसा नहीं होगा!
तुम समझ नहीं रहे हो नागराज! मैं नागाधीश का सेवक पाश सर्प हूं! और नागाधीश ने मुझको जिन शक्तियों को देकर भेजा है उससे कोई भी नाग या नागशक्ति धारक बच नहीं सकता!
ये कहानियां सुनकर मेरा मनोबल नहीं गिरेगा पाश सर्प!
इतना तो मुझे पता है कि आरपार सर्प को किसी और ने भेजा था!
शायद उसी ने तुमको भी भेजा है! और वह है कौन, ये नागराज तुमसे जान कर ही रहेगा!
तुम जिस आरपार सर्प की बात कर रहे हो उसको उसकी करनी का दंड मिल चुका है
लेकिन तुम्हारे अपराध का फैसला होना अभी बाकी है!
इसीलिए प्रतिरोध करना बंद करो और चुपचाप बंदी बनकर मेरे साथ चलो!

नागराज जहां भी जाता है, अपनी मर्जी से जाता है!
हा हा हा! ये नाग भी नाग संहिता के कानून से बंधे हुए हैं! ये नाग-संहिता के रक्षकों को हानि नहीं पहुंचाएंगे!
अगर मेरे नाग तुमको हानि नहीं पहुंचा सकते...
...तो तुम्हारे खुद के नाग पहुंचाएंगे।
आऽऽऽह!
तूने अपने ही स्वामी को चोट पहुंचाई नाग?
जा नागाधीश के पास जा और अपनी सजा भुगत!
अरे! ये नाग तो लुप्त हो गया!
नागाधीश की शक्ति से मैं तुम्हें बंदी बनाता हूं, नागराज!
ऐसा मैं हर नाग के साथ कर सकता हूं! पर तुम मानव नाग हो!
इसीलिए तुम पर ये शक्ति काम नहीं करेगी! वर्ना तुमको नागालय में बुलाने के लिए मुझे स्वयं नहीं आना पड़ता!

अरे! कहां गया! बंदीगृह तो खाली है!
मैं यहां हूं!
और अब तुम्हारी शक्ति का केंद्र यह दंड मेरे पास है!
अच्छा! तो तुम्हारे पास गायब होने की शक्ति भी है!
लेकिन यह दंड ज्यादा देर तक तुम्हारे पास रह ही नहीं सकता!
यह सही कह रहा है! दंड अपने आप इसकी तरफ खिंचता जा रहा है! मैं इसको ज्यादा देर तक रोक नहीं पाऊंगा!
लेकिन अगर दंड इसके पास पहुंच गया तो मैं बचूंगा नहीं! मुझे दंड को इससे दूर करना ही पड़ेगा!
और इसका सबसे अच्छा तरीका ये है!
ये क्या किया तूने, नागराज!
और ये काम तुम होश में आने के बाद आराम से कर सकते हो!
पृथ्वी की कक्षा में घूमते उपग्रहों के पास भेज दिया है! अब वहां से दंड को बुला सकते हो तो बुला लो पाशनाग!
आऽऽऽह! ये विष! ऐसा विष तो किसी भी नाग के पास नहीं है!
फ्रूऊऊ

आऽऽऽह! अब और कोई रास्ता नहीं है! मुझे अंतिम महाअस्त्र का प्रयोग करना ही पड़ेगा!
वायुनाग!
अरे! ये कैसा नाग है? इसका शरीर तो चक्रवाती वायु का बना हुआ है!
और ये विशाल रूप धारण करता जा रहा है!
नागराज के कुछ समझ पाने से पहले ही नागराज वायुनाग के मुंह के अंदर था-
और वायुशक्ति उसको किसी अंजान मंजिल की तरफ खींचती जा रही थी-
इस शक्ति से निपटना नागराज के वश की भी बात नहीं थी-
धीरे-धीरे नागराज का शरीर-
और उसका मस्तिष्क भी अंधेरे में डूबता चला गया-

और पता नहीं कितनी देर के बाद-
उठो नागराज!
आंखें खोलो!
मुकदमे की कार्यवाही शुरू होने वाली है!
नागाधीश न्यायालय में पधार रहे हैं!
सभी खड़े हो जाएं!
नागराज पर आरोप है कि उसने नागशक्तियों को मानवरूप में धारण किया, मानवों को नागशक्तियों से लाभ पहुंचाया, और नागशक्तियों का प्रयोग नागों के विरुद्ध ही किया।
आरोप तय हो चुके हैं!
आरोपी नागराज को न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए
कृपया अब सभी बैठ जाएं! न्यायालय की कार्यवाही आरंभ होती है!
पहली सुनवाई आरंभ हो!
प्रथम सुनवाई नागराज बनाम नाग संहिता, सुनवाई संख्या 4228 है!
और ये तीनों ही कार्य नाग संहिता की धारा 138 क के अनुसार आपराधिक श्रेणी में आते हैं!
नागराज, न्यायालय में हाजिर हो!

नागराज को उस पर लगे आरोप सुनाए जाएं!
उसकी आवश्यकता नहीं है, माननीय नागाधीश!
मैं अपने ऊपर लगे आरोपों को सुन चुका हूं, और उन सभी आरोपों से इंकार करता हूं!
ठीक है! क्या तुम अपनी तरफ से किसी अनुभवी नाग वकील को नियुक्त करना चाहोगे या नागयालय तुम्हारे लिए अपनी तरफ से एक नाग वकील नियुक्त करे!
मैं अपना बचाव खुद करूंगा!
परंतु उससे पहले मैं ये जानना चाहूंगा कि ये आरोप मुझ पर किसने लगाए हैं!
ये आरोप तुम पर आरपार नामक सर्प ने लगाए हैं जिसको सज़ा दी जा चुकी है!
अब नागयालय की तरफ से नागराज से पूछताछ प्रारंभ की जाए! आधिकारिक वकील फनीनाथ कार्यवाही आगे बढ़ाएं!

श्रीमान नागराज, क्या आप न्यायालय को ये बताने का कष्ट करेंगे कि आपको ये नागशक्तियां कब और कैसे मिलीं?
ये शक्तियां जन्म से ही मेरे पास हैं!
यानी ये शक्तियां आपको न तो किसी ने दीं और न ही आपने किसी से मांगी!
बिल्कुल ठीक! जहां तक मैं समझता हूं मेरी शक्तियां देव कालजयी के आशीर्वाद के कारण हैं!
और नागों के देव, देव कालजयी के वरदान का प्रयोग आपने नागों के विरुद्ध ही किया!
सिर्फ उन नागों के विरुद्ध जो आपराधिक प्रवृत्ति रखते हैं और विनाश फैलाते हैं!
और ये अधिकार आपको किसने दिया कि आप नागों पर अपनी शक्ति का प्रयोग कर सकें?
अपराधियों और विनाशकारियों को रोकना हर प्राणी का कर्तव्य है! इसके लिए किसी की आज्ञा लेने की आवश्यकता नहीं है!
ध्यान दिया जाए माननीय नागाधीश! नागराज अपने आप ही यह निर्णय ले लेते हैं कि किसको किस प्रकार से मारना, पीटना या समझाना है!
यानी इनकी दृष्टि में न तो नाग संहिता का कोई महत्त्व है और न ही न्यायालय और नागाधीश का!
आ... आप मेरी बात को तोड़ मरोड़ कर पेश कर रहे हैं, फनीनाथ! सच तो यह है कि मुझे नागाधीश या न्यायालय और नाग संहिता के बारे में पहले पता ही नहीं था!
इस बात पर भी गौर किया जाए कि नागराज को नागों के विधि-विधान की कोई जानकारी नहीं है! जबकि ये बात हर वयस्क नाग जानता है!

और इसका अनुचित लाभ उठाते हुए नागराज ने अपनी नागशक्तियों का प्रयोग सिर्फ अपराधी नागों के विरुद्ध ही नहीं, बल्कि पूज्यनीय नागों के विरुद्ध भी किया!
ये झूठ है!
झूठ-सच का फैसला अभी हो जाएगा! क्योंकि अब मैं अपने पहले गवाह को बुलाने जा रहा हूं!
महात्मा कालदूत को न्यायालय में बुलाया जाए!
महात्मा कालदूत न्यायालय में हाजिर होंऽऽऽऽऽ!
और शीघ्र ही-
क्या आप आरोपी को पहचानते हैं, महात्मा कालदूत ?
हां! ये नागराज है! मेरा शिष्य, और मित्र!
